हरियाणा में पत्रकारों की पेंशन 10,000 रुपए से बढ़ाकर 11,000 रुपए हुई

चर्चा में क्यों?

23 अप्रैल, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने संत श्री धन्ना भगत जयंती के अवसर पर पत्रकारों की पेंशन को 10,000 रुपए से बढ़ाकर 11,000 रुपए करने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने यह घोषणा दो दिवसीय अखिल भारतीय मीडिया मीट कंफेडरेशन ऑफ न्यूजपेपर एंड न्यूज एजेंसी एंप्लॉइज ऑर्गेनाइजेशन द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए की।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि अब पत्रकारों की पेंशन राशि ऑटोमेशन मोड पर डीए में वार्षिक वृद्धि के अनुपात में बढ़ेगी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि मीडियाकर्मियों को अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने व उनको और सक्षम बनाने के लिये सरकार द्वारा 4000 किमी. तक की मुफ्त मासिक बस यात्रा, पत्रकारों के आश्रितों के लिये आयुष्मान भारत योजना के दायरे का विस्तार करना, आधुनिक सुविधाओं से लैस मीडिया केंद्र स्थापित करना, पत्रकार पेंशन और कई अन्य पहलें शामिल हैं।
- उन्होंने कहा कि फील्ड पर काम करने वाले मीडियाकर्मियों के अलावा डेस्क पर काम करने वाले पत्रकारों को भी ऐसी सभी योजनाओं से जोड़ने की योजना है।
- इसके अलावा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संत श्री धन्ना भगत जी की जयंती पर कैथल ज़िले के गाँव धनौरी में आयोजित एक राज्य स्तरीय समारोह में बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि जींद के हैबतपुर में बन रहे मेडिकल कॉलेज का नाम संत शिरोमणि श्री धन्ना भगत के नाम पर रखा जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pension-of-journalists-in-haryana-increased-from-rs-10,000-to-rs-11,000